

**रमजान का 25वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 4:55 | सुन्नी : 6:19 |
| शिया : 4:45 | शिया : 6:27 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**शहर में आज**



- आशियाना के चांसलर क्लब में श्री सत्य साई सेवा संगठन उत्तर प्रदेश की ओर से दिल विदाउट बिल विशाल हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर- 7:00 बजे से।
- हजरतगंज के मार्टिन पुरवा स्थित बुद्ध मंदिर में डॉ. आंबेडकर सामाजिक एकता मंच की ओर से कांशीराम जयंती समारोह- 9:30 बजे से।
- प्रेस क्लब में अखिल भारतीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा की ओर से होली मिलन और वैवाहिक परिचय पत्रिका का विमोचन- 11:00 बजे से।
- सप्रू मार्ग स्थित उद्यान भवन में रोशनी एक उम्मीद ट्रस्ट की ओर से नारी अस्तित्व सम्मान समारोह- 11:00 बजे से।
- चारबाग स्थित रवींद्रालय में चल रहे पुस्तक मेले में नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से महिला माह की तीसरी कड़ी नारी एक रूप अनेक विषय पर रंगोली प्रतियोगिता- 12:30 बजे से।
- रवीन्द्रालय लॉन में चल रहे पुस्तक मेले में डॉ. संजय कुमार मालवीय के कहानी संग्रह प्रेम एक नदी से का विमोचन- 2:00 बजे।
- गोमती नगर के विनम्र खंड स्थित सामुदायिक केंद्र में यादव विकास सेवा संस्थान की ओर से छठा पारिवारिक यादव होली मिलन समारोह- 3:00 बजे से।
- हरिनगर में जल निगम रोड बालागंज स्थित रामदुलारी साहू मंडप में उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा की ओर से मां कर्मा देवी कयांती और होली मिलन समारोह- 6:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।



शहर में रसोई गैस सिलेंडर की मारामारी कम नहीं हो रही है, शनिवार को विकास नगर स्थित मिनी स्टेडियम में डिलीवरी वैन के पास सिलेंडर लेने के लिए लगी उपभोक्ताओं की लंबी लाइन। अमृत विचार

# एजेंसी का शटर बंद, लिखा आज नहीं है गैस

## बालाकदर रोड स्थित इंडेन की सहकारी गैस सर्विस के बाहर चस्पा किया गया नोटिस, बिना बुकिंग लाइन में खड़े होने की मनाही

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में रसोई गैस सिलेंडरों की मारामारी कम होने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को भी गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर उपभोक्ताओं की कतारें लग रही हैं। लालबाग में बालाकदर रोड स्थित इंडेन की सहकारी गैस सर्विस का सुबह ही 'आज गैस नहीं है' लिखा नोटिस चस्पा कर शटर बंद कर दिया गया। इससे बुकिंग कराने और सिलेंडर लेने आए उपभोक्ताओं को लौटना पड़ा। नोटिस पर ये भी लिखा था कि बिना बुकिंग एवं डीएसी के लाइन में खड़े ना हों। बुकिंग के लिए तीन फोन नंबर भी चस्पा किए गए थे। बाहर मौजूद उपभोक्ताओं का कहना था कि जो नंबर लिखे हैं, उन पर गैस की बुकिंग नहीं हो रही है।

उपभोक्ता शहजाद ने बताया कि एक हफ्ते से प्रयास कर रहा हूं, लेकिन सिलेंडर बुक नहीं हो रहा है। पत्नी के साथ सिलेंडर लेकर पहुंचे मेराज ने बताया कि होली के पहले बुकिंग कराई थी, लेकिन अभी तक सिलेंडर नहीं मिला है। इंडेन और भारत गैस की एजेंसियों के सिलेंडर भी कंपनी के दिए नंबरों पर बुक नहीं हो रहे हैं। ऐप पर भी बुकिंग नहीं हो पा रही है। सदर निवासी उपभोक्ता असलम ने बताया कि इंडेन की अरुणोदय गैस एजेंसी में उनका कनेक्शन है। ईद का त्योहार करीब है, लेकिन सिलेंडर की बुकिंग ही नहीं हो पा रही है। तेलीबाग स्थित भारत की शहीद विवेक सक्सेना गैस एजेंसी पर पहुंचे उपभोक्ताओं ने भी बुकिंग न होने की शिकायत की। कॉमर्शियल सिलेंडर न मिलने से कई जगह ढाबे, होटल और फूड वैन वालों ने काम बंद कर दिया है। रेस्टोरेंट में अंगीठी का इस्तेमाल किया जा रहा है। तुलसी थियेटर स्थित दस्तरख्वान में काउंटर पर कोयले की अंगीठी पर खाना गर्म रखा जा रहा है। बिरयानी आदि लकड़ी से पकाई जा रही है।




कामर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने से गोमती नगर विभूतिखंड आईजीपी चौराहे पर बने मॉडल वेंडिंग जोन की बंद पड़ी खान-पान की दुकानें। अमृत विचार

### एलपीजी की किल्लत के खिलाफ आप का प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत और कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में शनिवार को राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर आम आदमी पार्टी ने विनय पटेल के नेतृत्व में स्वास्थ्य भवन चौराहा कैसरबाग में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर वहां से हटाया। विनय ने कहा कि घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रुपये और कामर्शियल में 120 रुपये की बढ़ोतरी ने जनता की परेशानी बढ़ा दी है। आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण गैस आपूर्ति चरमरा गई है। कई स्थानों पर सिलेंडरों के लिए कतारें लग रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर गैस सिलेंडरों की बढ़ी कीमत वापस लेने की मांग की।



### इंडेन के ऐप पर बुकिंग शुरू : एडीएम आपूर्ति

एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने बताया कि इंडेन के ऐप पर बुकिंग होने लगी है। इसके अलावा पहले की बुकिंग के बाउचर भी निकलने लगे हैं। जल्द ही बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

# रिसॉर्ट में मिले 9 भरे, 65 खाली घरेलू गैस सिलेंडर

## गैस एजेंसी की प्रोपराइटर, मैनेजर, बोलेरो मालिक व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए चल रहे अभियान के तहत आपूर्ति विभाग की टीम ने शनिवार को मोहान रोड स्थित अभिनंदन रिसॉर्ट पर छापा मारा। वहां एक बोलेरो में भारत गैस कंपनी के 65 खाली और 9 भरे घरेलू गैस सिलेंडर मिले।

एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने बताया कि असीम भारत गैस एजेंसी की प्रोपराइटर मंजू कनौजिया, बोलेरा मैक्सी वाहन यूपी 32 क्यूएन 5729 के मालिक, जमील अहमद निवासी न्यू हैदरगंज कैंपवेल रोड, साहिल निवासी शाहपुर तोंदा उन्ना, मुन्ना उफ इक्तदा हुसैन गैस एजेंसी मैनेजर, रिसॉर्ट के मालिक सुरेन्द्र कुमार निवासी मानस विहार सरीपूरा आलमबाग के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के तहत काकोरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। छापा मारने



सिलेंडर बरामदगी के बाद लिखापढ़ी करते अधिकारी।

वाले टीम में जिलापूर्ति अधिकारी विजय प्रताप सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आलमबाग सुरेश कुमार सरोज, रवीन्द्र कुमार सिंह क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी खाद्य क्षेत्र 2, परवेज अख्तर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी खाद्य क्षेत्र 1, कौशलेन्द्र कुमार पाण्डेय पूर्ति निरीक्षक राजाजीपुरम, सत्यम मिश्रा पूर्ति निरीक्षक काकोरी और बीपीसीएल के सेल्स ऑफिसर दिग्विजय कुमार सिंह शामिल रहे।

### केजीएमयू हॉस्टलों के लिए प्रतिदिन मिलेंगे 15 सिलेंडर

केजीएमयू के हॉस्टलों की मेस में रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत का समाधान हो गया है। संस्थान प्रशासन ने इस संबंध में जिलाधिकारी विशाख जी से वार्ता की, जिसमें उन्होंने रविवार से प्रतिदिन 15 सिलेंडर दिलाने का आश्वासन दिया है। सिलेंडर की व्यवस्था होने से लगभग 10,000 छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल की मेस में नियमित भोजन और नाश्ता सुनिश्चित होगा। गैस की कमी से कई मेस में नाश्ता तक नहीं बन पा रहा था। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि अब छात्रों को भोजन और नाश्ते में कोई दिक्कत नहीं होगी।



केडीसिंह बाबू स्टेडियम के हॉस्टल की मेस में सीढ़ी पर भट्ठी लगाकर खाना बनाता बावर्ची।

### भट्ठियों पर बन रहा 440 खिलाड़ियों का खाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** गैस सिलेंडर की किल्लत के चलते खेल विभाग के छात्रावास के खिलाड़ियों का भोजन कोयले व लकड़ी से भट्ठियों पर पकाया जा रहा है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित मेस का किचन की सीढ़ियों पर भट्ठियां लगाई गई हैं। स्टेडियम में तैराकी छात्रावास और हॉकी छात्रावास गोमती नगर के विजयंत खंड में है। दोनों ही छात्रावास में रहने वाले प्रशिक्षु खिलाड़ियों यहीं पकाया जाता है। इसके अलावा राज्य स्तरीय सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में शामिल होने आईं प्रदेश की 24 टीमों के खिलाड़ियों भी स्टेडियम में ठहरे हैं। उनका भोजन भी यहीं पकाया जा रहा है। लगभग 440 खिलाड़ियों का भोजन इस समय भट्ठियों पर ही बन रहा है। खिलाड़ियों की संख्या अधिक होने सेदो से तीन भट्ठियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। भट्ठियों पर खाना पकाने में अधिक समय लग रहा है। मेस संचालकों ने बताया कि गैस सिलेंडर से खाना जल्दी और आसानी से बन जाता था, जबकि भट्ठियों पर समय लगता है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने कहा कि फिलहाल व्यवस्था किसी तरह चल रही है। आगे दिक्कत बढ़ेगी तो उस हिसाब से आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

### सिलेंडर नहीं मिला तो आज से बंद हो जाएगा बीआरडी का किचन

भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय (बीआरडी) महानगर किचन में गैस सिलेंडर की आपूर्ति ठप है। रसोइया ने शनिवार को बताया कि दो दिनों से सिलेंडर नहीं आए हैं। डिलीवरी मैन और एजेंसी मैनेजर कॉल रिसीव नहीं कर रहे हैं। अब स्थिति यह ही कि यदि सिलेंडर नहीं आया तो शनिवार रात का भोजन नहीं बन पाएगा। मरीजों को भोजन की व्यवस्था स्वयं ही करनी होगी। उधर, सीएचसी अलीगंज के किचन में भी एक से दो दिन में सिलेंडर खत्म होने की बात कही गई। उधर, रसोई गैस संकट के चलते केजीएमयू परिसर में तीसरे दिन भी स्वयंसेवी संस्थाएं तीमारदारों को भोजन उपलब्ध नहीं करा सकीं। अन्नपूर्णा भोजनालय के काउंटर से भी तीमारदारों को बिना भोजन के ही लौटना पड़ा। अस्पताल में भर्ती कई मरीजों के परिजन भोजन की उम्मीद में काउंटर के बाहर कतार में लग गए। काफी देर इंतजार करने के बाद उन्हें जानकारी मिली कि आज भी भोजन वितरण नहीं होगा। संस्था के कर्मियों ने कहा कि गैस सिलेंडर की व्यवस्था होने पर तीमारदारों को वितरित शुरू कर दिया जाएगा।

**सिटी ब्रीफ**

### आज बदलेगा मौसम बारिश के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** आज से मौसम में बदलाव के आसार हैं। लखनऊ में बादल छाये रहेंगे और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग ने यह चेतावनी जारी की है। बारिश से अधिकतम तापमान में गिरावट होने से गर्मी से राहत मिलेगी। शनिवार को राजधानी में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से करीब 2.2 डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान 18.5 रिकार्ड किया गया जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक था।

### आकाश को हटाया गया मनोज जोनल अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जोन 3 से आकाश कुमार को हटाकर उनकी जगह मनोज यादव को जोनल अधिकारी बनाया है। मनोज जोन में जोनल सेनेटरी अधिकारी के पद कार्य कर रहे थे। पीसीएस आकाश कुमार अस्वस्थ होने के कारण पिछले महीने छुट्टी पर गए थे। उनकी जगह मनोज यादव को जोनल अधिकारी का चार्ज दिया गया था।

### वन टाइम टैक्स अध्यादेश से नाराजगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में लागू किए गए वन टाइम टैक्स अध्यादेश पर ट्रैवल और टैक्सी संचालकों ने नाराजगी जताई है। ट्रैवल एंड ट्रांसपोर्ट ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पियूष गुप्ता कहा कि लागू करने से पहले अध्यादेश को समाचार पत्रों या विभाग के सोशल मीडिया माध्यमों से सार्वजनिक किया जाना चाहिए था। बिना सूचना इसे लागू कर दिया गया।

**मनमानी**

## ध्वस्तीकरण कार्रवाई से पहले एलडीए के अभियंताओं ने नोटिस तक नहीं दिया

# नगर निगम ने बनाई दीवार, एलडीए ने गिराई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** ऐशबाग के धोबीघाट क्षेत्र में अवैध तरीके से झुग्गी डालकर कब्जा करने वालों को एलडीए बरसों बाद भी नहीं हटा पाया है। वहीं अवैध कब्जेदारों से कालोनीवासियों की सुरक्षा के लिए नगर निगम द्वारा बनवाई जा रही दीवार को एलडीए के अभियंता शिकायत पर तत्काल ध्वस्त कर देते हैं। हैरत की बात यह है कि सरकारी कार्य होने के बाद भी एलडीए के अभियंताओं ने नोटिस तक नहीं दिया और नगर निगम के किसी अभियंता से जानकारी करना तक जरूरी नहीं समझा। अब सवाल यह है कि जनता के टैक्स के पैसे का नुकसान कौन भरेगा।



बाउंड्रीवाल गिराता एलडीए कर्मी।

ऐशबाग वार्ड स्थित धोबीघाट क्षेत्र में नगर निगम द्वारा पार्षद निधि से बाउंड्री बनवाई जा रही थी। गणेशगंज-बशीरतगंज वार्ड के पार्षद गिरीश गुप्ता ने अपनी पार्षद निधि से 8 लाख रुपये से बाउंड्रीवाल के लिए दिए थे। ऐशबाग के धोबी घाट क्षेत्र में एलडीए कालोनी में खाली प्लॉट पर अवैध तरीके से लोग कब्जा करके झुग्गियां बनाकर रह रहे हैं। इससे कालोनी में अक्सर चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। इन अवैध कब्जों को एलडीए खाली नहीं करा पाया है। योजना में भूखंड के कई आवंटी कब्जा पाने के लिए बरसों से एलडीए दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से कालोनी वासियों की मांग पर पार्षद गिरीश गुप्ता ने अपनी निधि ऐशबाग वार्ड के लिए दी थी। शिकायत पर अचानक एलडीए की प्रवर्तन टीम पहुंची और दीवार गिरा दी। जबकि ठेकेदार द्वारा कार्य का वर्कआर्डर भी एलडीए के अभियंताओं का दिखाया गया। स्थानीय निवासियों के पूछने पर टीम के सदस्य कोई जवाब नहीं दे पाए। ध्वस्तीकरण का आदेश के बारे में पूछने पर सभी कर्मचारी मौके से गायब हो गए।

> ऐशबाग स्थित धोबीघाट क्षेत्र एलडीए की योजना के अंतर्गत है। यहां बाउंड्रीवाल बनाने की शिकायत हुई थी, जिस पर टीम गई थी और यथास्थिति बनाये रखने के लिए दीवार तोड़ दी थी।
>
> **-अशोक कुमार,** अधिशासी अभियंता, लखनऊ विकास प्राधिकरण

> एलडीए के अभियंता कालोनी में अवैध तरीके से बसीं झुग्गी झोपड़ियां नहीं हटा पा रहे हैं। स्थिति यह है कि कालोनी के निवासी इनसे परेशान हैं। नगर निगम द्वारा बनवाई जा रही बाउंड्री को एलडीए के अभियंताओं ने जानकारी किए बिना ही किसके दबाव में ध्वस्त कर दिया। इससे यह साफ है कि एलडीए के अभियंता अवैध कब्जेदारों को बढ़ावा दे रहे हैं।
>
> **-गिरीश गुप्ता,** पार्षद, गणेशगंज-बशीरतगंज वार्ड

# केजीएमयू में कैंसर विजेता नए मरीजों को देंगे बीमारी से लड़ने की हिम्मत

- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग में सर्वाइवर करेंगे काउंसलिंग
- हफ्ते में दो दिन मरीजों व तीमारदारों से करेंगे संवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कैंसर को मात देने वाले लोग इस बीमारी से जूझ रहे मरीजों को मानसिक रूप से मजबूत करेंगे। वह अस्पताल में इलाज करा रहे रोगियों से मिलकर उन्हें हिम्मत देने के साथ उनके दिमाग में सकारात्मक ऊर्जा जाग्रत करेंगे। इस सकारात्मक पहल की शुरुआत किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग ने की है। शनिवार को आयोजित कैंसर सर्वाइवर कार्यक्रम में ऐसे कई कैंसर विजेताओं ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि मजबूत इरादा और सकारात्मक सोच इलाज में अहम भूमिका निभाते हैं। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार ने बताया कि कैंसर को हराने वाले मरीज अब अस्पताल में आने वाले नए मरीजों की काउंसलिंग करेंगे। वह अपने संघर्ष और उपचार के अनुभव साझा कर मरीजों को मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित करेंगे। डॉ. नसीम अख्तर ने बताया कि कैंसर विजेता सामाजिक जिम्मेदारी के तहत मरीजों की मदद करेंगे। इसके लिए उन्हें सप्ताह में दो दिन गुरुवार और शुक्रवार को शाम 3 बजे अस्पताल बुलाया जाएगा। यहां वह मरीजों और उनके तीमारदारों से मिलकर उनकी शंकाओं का समाधान करेंगे।

### क्यूआर कोड पर भी अपॉइंटमेंट

मरीजों की सुविधा के लिए विभाग में क्यूआर कोड की व्यवस्था भी की गई है। मरीज और उनके परिजन मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर अपॉइंटमेंट ले सकेंगे और निर्धारित समय पर कैंसर विजेताओं से मिलकर बीमारी और उपचार से जुड़े अनुभवों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

## सिटी ब्रीफ

### नो-पार्किंग में क्रेन से स्कूटी उठाने पर नगर निगमकर्मी को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाराबंकी दरियाबाग निवासी विकास वर्मा नगर निगम की तरफ से नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को क्रेन से उठाने का कार्य करते हैं। शुक्रवार देर शाम उन्होंने घंटाघर पार्किंग गेट के पास खड़ी स्कूटी को क्रेन से उठाया। कुछ देर में स्कूटी मालिक आ गया और बहस करने लगा। उसने अपने साथियों को भी बुला लिया। सभी ने मिलकर कर्मी विकास पर हमला कर स्कूटी छीनने का प्रयास किया। पुलिस पहुंचने से पहले ही हमलावर धमकाते हुए भाग निकले। पीड़ित ने स्कूटी नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर सुनील आजाद ने बताया कि स्कूटी कब्जे में ले ली गई है। तहरीर के आधार पर सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### छोटे भाई को पीटकर घर से निकाला

**अमृत विचार, लखनऊ :** आलमबाग: थाना क्षेत्र में मकान के बंटवारे को लेकर दो भाइयों में विवाद हो गया। बात बढ़ने पर बड़े भाई ने छोटे भाई को मारपीट कर घर से भगा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। भिल्लावां निवासी सुदेश कुमार सिंह ने बताया कि बड़े भाई योगेश कुमार सिंह जोकि कई वर्षों से अपने परिवार के साथ कृष्णापल्ली में अपने बहनोई के घर रह रहे थे। 12 मार्च की शाम वह योगेश घर पहुंचे और मकान में अपना हिस्सा बताते हुए उसपर हमलावर हो गए। विरोध करने पिटाई कर धमकाते हुए घर से भगा दिया।

### युवक ने फंदा लगा कर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मूलरूप से सीतापुर के मिरकापुर निवासी सुदर्शन लाल, पत्नी ललिता देवी और बेटी प्रीति के साथ गौरव विहार कॉलोनी चिनहट में रहते है। शुक्रवार दोपहर प्रीति भाई सुनील कुमार (24) के कमरे में गयी तो वह फंदे से लटका मिला। यह देख प्रीति चिल्लाने लगी। शोर सुनकर मां ललिता और पड़ोसी दौड़े। पड़ोसियों की मदद से सुनील को फंदे से नीचे उतारा। आनन-फानन में राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर चिनहट पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक सवार लुटेरों ने छात्रा का मोबाइल छीना

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के मानसनगर निवासी पूजा केकेवी कॉलेज से बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे वह कालेज से घर लौट रही थीं। जनता डेयरी के पास पीछे से आए बाइक सवार दो लुटेरों ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन लूट लिया। छात्रा ने मदद के लिए शोर मचाया। आसपास के लोगों ने लुटेरों का पीछा किया, लेकिन वे फर्राटा भरते हुए भाग निकले। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। पुलिस ने डेयरी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो लुटेरों की करतूत कैद मिली।एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि छात्रा की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### चोरी करने वाला शातिर और किशोर धरे गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंद घर में चोरी करने वाले शातिर को जानकीपुरम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में शामिल किशोर को भी पकड़ा है। आरोपियों के पास से 12 हजार रुपये व जेवर बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि सेक्टर-एच निवासी संजय सिंह ने 7 मार्च को चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपी असगर अली निवासी मुजफ्फरपुर बिहार हालपता अलीनगर मड़ियांव व किशोर को पकड़ा। पुलिस तीसरे आरोपी सद्दाम की तलाश कर रही है। आरोपी असगर पर पांच और किशोर पर तीन मामले दर्ज हैं।

### सैसेवीर मंदिर में हुआ भंडारा

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णा नगर क्षेत्र में स्थित सैसेवीर मंदिर प्रांगण में शनिवार को शनि देव स्थापना वर्षगांठ उपलक्ष्य में श्री नीलवर्णम संस्थान के अध्यक्ष पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के पूर्व मंदिर में पूजन हवन किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, एमएलसी पवन सिंह चौहान शामिल हुए।





यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की एसआई भर्ती परीक्षा में आलमबाग स्थित सिंधी गर्ल्स कॉलेज और चारबाग़ स्थित ए पी सेन कॉलेज परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की जांच करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

# दरोगा भर्ती में पेपर लीक का झांसा देने वाले चार गिरफ्तार

## एसटीएफ ने बीबीए के छात्र को आगरा, तीन अन्य को राजस्थान के सवाई माधौपुर से दबोचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड एसआई भर्ती परीक्षा-2025 का पेपर दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले चार लोगों ने गिरफ्तार किया गया है। इनमें आरोपी आगरा निवासी बीबीए छात्र है और तीन राजस्थान के सवाई माधौपुर जिले के रहने वाले हैं।

एसटीएफ डिप्टी एसपी सुधांशु शेखर ने बताया कि इंजीनियर्स कालोनी न्यू आगरा निवासी आयुष बघेल को पकड़ा गया है। पूछताछ में उसने बताया कि डेढ़ सौ से अधिक अभ्यर्थियों से झांसा देकर ठगी कर चुका है। डिप्टी एसपी ने बताया कि मुताबिक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड और एसटीएफ इंटरनेट मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही है। टेलीग्राम पर यूपी एसआइ यूपी पुलिस-2026, रिजल्ट पैनल और यूपी एसआइ एग्जाम पेपर यूपी एसआइ-2026 नाम से चल रहे चैनलों पर पेपर उपलब्ध कराने की जानकारी मिली। हुसैनगंज थाने की पुलिस टीम के साथ छापा मारकर आयुष को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। एक मामले में 1.19 लाख रुपये का लेन-देन सामने आया है। आरोपी को लगभग तीन लाख रुपये मिल चुके हैं। आरोपी को जेल भेज दिया है और एसटीएफ की टीमें गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में कर रही हैं।

एसटीएफ एएसपी राकेश के अनुसार राजस्थान के सवाई माधौपुर जिले से सुमित मीना उर्फ लोडा, शाहिल और साजिद को पकड़ा गया है। तीनों आरोपी सवाई माधोपुर के ही रहने वाले हैं। उनके पास से मोबाइल फोन बरामद हुआ है। एएसपी ने बताया कि सोशल मीडिया और इंटरनेट प्लेटफॉर्म की निगरानी के दौरान 11 और 12 मार्च को टेलीग्राम पर "यूपी एसआई यूपी पुलिस-2026", "रिजल्ट पैनल प्रा. टीएम" और "यूपी एसआई एक्जाम पेपर यूपी एसआई-2026" नाम से चैनल संचालित कर परीक्षार्थियों को परीक्षा का पेपर उपलब्ध कराने का झांसा देकर ठगी का प्रयास किया जा रहा था। सूचना मिलने पर एसटीएफ आगरा यूनिट की टीम ने जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सवाई माधोपुर के साइबर थाने में 13 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया गया। इसके बाद एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सिम कार्ड और बैंक खाते उपलब्ध कराकर गिरोह के अन्य सदस्य को देते थे। उसी के माध्यम से टेलीग्राम चैनल बनाकर अभ्यर्थियों से पैसे ठगने की योजना बनाई गई थी। पुलिस के अनुसार गिरोह का एक अन्य सदस्य सुमेर सिंह मीणा भी इस मामले में शामिल है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### भुगतान के लिए यूपीआई आईडी व बारकोड भेजता था



आयुष बघेल

- एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि आयुष अपने साथियों के साथ मिलकर टेलीग्राम पर कई चैनल चलाता था। इन चैनलों पर प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक होने का दावा करते हुए संदेश वायरल किए जाते थे। भरोसा दिलाने के लिए वह किसी पुराने प्रश्नपत्र का पहला पन्ना पीडीएफ एडिटर से तैयार कर देता था, जिसमें प्रश्न और विकल्प दिखाई देते थे। जब अभ्यर्थी विश्वास कर लेते थे तो उन्हें भुगतान के लिए यूपीआइ आईडी या बारकोड भेजा जाता था। कई बार यह खाते अन्य लोगों से कमीशन देकर लिए जाते थे। इसके बाद अभ्यर्थियों से कहा जाता था कि गूगल पे या अन्य माध्यम से अमेजन पे गिफ्ट वाउचर जनरेट कर उसका कोड वाट्सएप पर भेज दें। कोड मिलते ही वह उसे अमेजन एप्लीकेशन में डालकर रकम अपने वालेट में ले लेता था। एसटीएफ अधिकारियों के मुताबिक आयुष बघेल कई प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े चैनलों के संपर्क में था। गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है। आरोपी को हुसैनगंज थाने में दर्ज मामले में दाखिल किया गया। इसके बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया।



शाहिल



साजिद



सुमित

### सोशल मीडिया पर फैलाई पेपर लीक होने की अफवाह

- **अमृत विचार, लखनऊ :** दरोगा भर्ती में पेपर लीक करने की अफवाह फैलाने पर तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं। निरीक्षक सतेंद्र कुमार ने बताया कि 14 को दरोगा पद के लिए परीक्षा हुई और 15 मार्च को होनी है। भर्ती बोर्ड का सोशल मीडिया सेल 24 घंटे व्हाट्सएप्प, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और टेलीग्राम पर अफवाह फैलाने व जालसाजों पर नजर रख रहा है। 14 मार्च की सुबह 8:32 बजे व्हाट्सएप पर हेल्पर के नाम से फर्जी प्रश्न पत्र का वीडियो यूपी एसआई एक्जाम 14 मार्च 2026 शिफ्ट-1 वायरल कर दिया गया। जिसमें 25 हजार दो और पेपर लो लिखा था। निरीक्षक के अनुसार 13 मार्च को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के आधिकारिक एक्स हैंडल पर निहारिका सिंह के नाम से (@isinghniharika) 7:55 बजे एक ट्वीट किया गया। जिसमें कहा कि चेक कीजिए ठीक से पेपर लीक हो रहा है। बलिया, बनारस सेंटर पर भी पेपर आउट हो रहा है। निरीक्षक का कहना है कि अभ्यर्थियों को भ्रमित करने के लिए पेपर लीक की अफवाह फैलाई गई। इसी तरह 14 मार्च को यूटयूब चैनल @VIRATVISIONK पर प्रश्न पत्र लीक का वीडियो वायरल किया गया। निरीक्षक ने हुसैनगंज कोतवाली में सरकारी कार्य में बाधा, आईटी एक्ट, 7 आपराधिक कानून संशोधिन अधिनियम, धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में तीन रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



बालाकदर रोड स्थित बालिका विद्यानिकेतन केंद्र से परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार

## लखनऊ के 54 केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा लखनऊ के पहले दिन 54 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में संपन्न हुई।

शनिवार को प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे, दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक हुई। दोनों पालियों में परीक्षा शुरू होने से काफी पहले अभ्यर्थियों की लाइन लग गई। गहन जांच के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। इलेक्ट्रानिक उपकरण बाहर जमा कराने के अलावा जूते मोजे की भी जांच की गई। छात्राओं के बाल, जुड़े और पर्स भी जांचे गए। दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर शिफ्ट-1 का पेपर वायरल होने की अफवाह ने भी परीक्षार्थियों को कुछ परेशान किया।

उधर, परीक्षा के बाद चारबाग रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर उमड़ पड़ी। चारबाग रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेनों में प्रवेश करने के लिए अभ्यर्थियों की लंबी कतारें लग गईं। कई अभ्यर्थी किसी तरह सीट सुरक्षित करने के लिए ट्रेन की खिड़कियों से अंदर घुसने की कोशिश करते दिखाई दिए। भीड़ इतनी अधिक थी कि प्लेटफॉर्म और स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई। देर शाम तक भी ट्रेनों में भीड़ कम नहीं हो सकी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए स्टेशन के बाहर रुकने के लिए टेंट की व्यवस्था भी की गई थी, जहां कुछ अभ्यर्थी अपनी ट्रेन का इंतजार करते नजर आए। वहीं परीक्षा देकर जल्द घर पहुंचने की चिंता में कई अभ्यर्थी लगातार ट्रेनों की जानकारी लेते रहे। दूसरी ओर, रविवार को होने वाली परीक्षा के लिए भी अभ्यर्थियों का आना जारी रहा। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी ट्रेनों से लखनऊ पहुंचे। वहीं हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर जाने वाले कुछ अभ्यर्थियों ने भीड़ से बचने के लिए बसों का सहारा लिया। पुलिस भर्ती परीक्षा के चलते पूरे दिन रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर अभ्यर्थियों की भीड़ बनी रही, जिससे यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिलाधिकारी विशाख जी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार (ज्वाइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस) ने जायजा लिया।



खिड़की से ट्रेन में चढ़ता अभ्यर्थी।

## बंद मकान से 18 लाख के जेवर ले गए चोर

- इंदिरानगर सेक्टर-11 में हुई वारदात चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद
- गोमतीनगर में महिला के घर से लाखों के जेवर उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गाजीपुर के साईं धाम रोड इलाके में निजी कंपनी कर्मी के बंद मकान का ताला तोड़कर करीब 18 लाख के जेवर चोरी कर लिए। यह घटना उस समय हुई जब पीड़ित परिवार संग होली पर गांव गया था। चोरों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। वहीं, गोमतीनगर में चोरों ने बंद मकान में घुसकर लाखों के जेवर पार कर दिए। पुलिस दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

उन्नाव निवासी विजय कुमार शुक्ल इंदिरानगर सेक्टर-11 स्थित साईं धाम रोड इलाके में रहते हैं। निजी कंपनी कर्मी विजय 28 फरवरी को परिवार संग होली मनाने पैतृक गांव गए थे। घर पर मकान मालिक आशीष कुमार वर्मा और उनका बेटा था। 5 मार्च की रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर चोरी की। लौटने पर विजय ने मकान का ताला टूटा देखा। पीड़ित ने डॉयल-112 पर सूचना दी, जिस पर ही गाजीपुर पुलिस ने जांच की। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने पुश्तैनी जेवर, शादी में मिले गहने, 50 हजार रुपये समेत करीब 18 लाख का माल ले गए हैं। सीसीटीवी कैमरे में चोरों की करतूत कैद हुई है। गाजीपुर पुलिस ने छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वही, गोमतीनगर के विरामखंड-5 निवासी प्रज्ञा श्रीवास्तव ने बताया कि 4 मार्च को वह घर पर नहीं थी। देर रात जेवर चोरी कर ले गए।

## रिटायर्ड कर्मचारी को डिजिटल अरेस्ट कर 16 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊः** पारा के सदरौना स्थित इंडिया ग्रीन सिटी निवासी पूरन राम टम्टा सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त हैं। 27 फरवरी को उनके पास फोन आया, फोन करने वाले ने खुद को इंस्पेक्टर रंजीत यादव बताया। कहा कि आपसे ईडी के अधिकारी अधिकारी प्रेम कुमार गौतम बात करेंगे। बातचीत में उसने पूरन और उनकी पत्नी के नाम पते की जानकारी लेकर आधार कार्ड, व्हाट्सएप पर मांगे। पत्नी के बैंक खातों से मनी लॉन्ड्रिंग की बात कही। डिजिटल अरेस्ट कर 6 मार्च को 10 लाख और 9 मार्च को छह लाख रुपये बैंक खातों में आरटीजीएस करा लिए। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना सुनील कुमार सिंह बताया कि जालसाजों मोबाइल नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## निजी कंपनी के निदेशकों ने की 1.50 करोड़ की धोखाधड़ी

- महिला ने पांच लोगों पर दर्ज कराई अलीगंज थाने में रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पेय पदार्थों और कागज उत्पाद बनाने वाली अल्स्टाइल मर्चेंडाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों समेत पांच पर 1.50 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के आदेश पर अलीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अलीगंज सेक्टर-डी निवासी विप्रा शुक्ला ने बताया कि बाराबंकी कुर्सी रोड पर अल्स्टाइल मर्चेंडाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड में पार्टनरशिप थी। वर्ष 2015 में पांच वर्ष के लिए यूरेका फोर्ब्स कंपनी के एक ब्रांड एक्वाश्योर पैकेजड ड्रिंकिंग वॉटर की बॉटलिंग का काम शुरु किया। फर्म ने कपूरथला स्थित बैंक ऑफ इंडिया से एक करोड़ का लोन लिया था। 2019 में यूरेका फोर्ब्स ने बताया कि पैकेजड वॉटर का काम कर रहे हैं। इस पर विप्रा ने दूसरी कंपनी के लिए बॉटलिंग करने की खोजबीन शुरु की। कोरोना काल में फैक्ट्री को बेचना का मन बनाया। एनर्जी बिवरेजेस कंपनी के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर गौरव पांडेय ने संपर्क किया। बताया कि उनकेरिश्तेदार अरुण द्विवेदी और दामाद योगेश शुक्ला फैक्ट्री लेना चाहते हैं। सितंबर 2020 में फैक्ट्री की जमीन व निर्माण के एवज में 1.80 करोड़ पर सौदा तय हुआ। करीब दो वर्ष में भुगतान हुआएग्रीमेंट के लिए दूसरा पक्ष टालता रहा।

योगेश शुक्ला ने अप्रैल 2021 से 2023 तक विप्रा की कंपनी के नाम से पानी का काम किया। मार्च 2021 में एग्रीमेंट कर बिना जानकारी के खुद को पार्टनर बना लिया। इस दौरान इनकम टैक्स भी नहीं भरा। बकाया भुगतान के लिए भी टालमटोल करते रहे। भारतीय मानक ब्यूरो व फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लाइसेंस का भी 48 लाख नहीं दिया। करीब 75 लाख जीएसटी भी नहीं भरा। योगेश व दीपक ने दिसंबर 2022 में अल्स्टाइल मर्चेंडाइजिंग के नाम से कंपनी रजिस्टर्ड कराई, जिसका कार्यालय विशालखंड में दिखाया गया। उस जमीन पर लोन भी ले लिया। इंस्पेक्टर अशोक कुमार सोनकर ने बताया कि डॉयरेक्टर योगेश शुक्ला निवासी विकल्पखंड, पार्टनर दीपक अवस्थी, करुणा शंकर शुक्ला, अरुण द्विवेदी और एनर्जी बिवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर गौरव पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### एटीएम में छेड़छाड़ कर निकाले 15 हजार रुपये

- अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर के विरामखंड स्थित कैनरा बैंक के एटीएम से छेड़छाड़ करते हुए जालसाजों ने कई बार में 15 हजार रुपये निकाल लिए। बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। अवध विहार योजना स्थित मंदाकिनी एंक्लेव निवासी वरिष्ठ प्रबंधक दीपक कुमार जोशी ने बताया कि बैंक परिसर में ही एटीएम मशीन लगी है। उन्होंने बताया कि जालसाजों ने एटीएम मशीन में छेड़छाड़ करते हुए 15 फरवरी से 22 फरवरी के बीच पांच बार में अलग-अलग खाताधारकों के 15 हजार रुपये निकाल लिए। खाताधारकों ने बैंक को लिखित व मोबाइल फोन पर शिकायत की। आशंका है कि जालसाजों ने एटीएम मशीन में नोट डिप्रेंसर में स्ट्रीप लगाई होगी। खाताधारक जब एटीएम से रुपये निकालने पहुंचे तो नोट मशीन से निकला पर स्ट्रीप की वजह से बाहर नहीं आया। खाताधारकों को लगा कि शायद मशीन में नोट नहीं है तो वे चले गए। जालसाजों ने बाद में स्ट्रीप हटाकर रुपये निकाल लिए। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी का कहना है कि एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज बैंक प्रबंधक से मांगी गई है।

हादसा

पारा के कांशीराम कॉलोनी में दमकलकर्मियों ने एक घंटे में पाया आग पर काबू

## मकान में लगी आग में फंसे बच्चे, पड़ोसियों ने निकाला



मकान में धधकती आग और बाहर लगी भीड़।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पारा के सदरौना स्थित कांशीराम कॉलोनी के एक मकान में शनिवार सुबह ई-रिक्शे की बैटरी चार्ज करते समय शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटों में ई-रिक्शा चालक का बेटा फंस गया। पड़ोसियों ने किसी तरह आग में फंसे बच्चे को सुरक्षित निकाला।

घटना के वक्त घर पर परिवार के लोग नहीं थे। पड़ोसियों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। आग का विकराल रूप देख पुलिस और दमकल को सूचना दी गयी। दो दमकल गाड़ियों की मदद से राहत कार्य शुरु किया गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। कांशीराम कॉलोनी के भूतल स्थित आवास में ई-रिक्शा चालक मो. इरशाद परिवार के साथ रहता है। शनिवार सुबह वह ई-रिक्शा की एक बैटरी चार्जिंग पर लगाकर घर से रिक्शा लेकर चले गए। पत्नी घर के बाहर किसी काम से गई थीं। जबकि बेटी कोटे की दुकान पर राशन लेने गए हुए थे। घर पर 11 वर्षीय बेटा फरहान अकेला था। तभी अचानक कमरे में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। धुएं के गुबार व आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें बढ़ती जा रही थी। फरहान के चीखने की आवाज सुनकर पड़ोसी घबरा गए।किसी तरह पड़ोसियों ने आग में फंसे फरहान को सुरक्षित बाहर निकाला। आग की सूचना पर पारा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में आलमबाग फायर स्टेशन से पहुंची गाड़ी की मदद से दमकल कर्मियों ने राहत कार्य शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। पीड़ित ने बताया कि आग से उनके घर की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। आलमबाग एफएसओ धर्मपाल सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला कि आग आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। पीड़ित ने बताया कि आग से घर में रखा पंखा, कपड़े, राशन, रुपये समेत करीब ढाई लाख रुपये का सामान जलकर बर्बाद हो गया।

## झूला झूलने के विवाद में युवक को मारा चाकू

- दो घायल ट्रामा सेंटर में भर्ती, एक भाई को मिली छुट्टी
- कैसरबाग कोतवाली में दो किशोर समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैसरबाग स्थित मछली मोहाल में झूला झूलने के विवाद में दबंग ने दो किशोरों संग मिलकर तीन भाइयों को पीटा। यही नहीं आरोपियों ने चाकू व रॉड से हमला किया। पेट में चाकू लगने से एक युवक घायल हो गया, जबकि दो भाइयों के सिर फट गए। घटना की सूचना मिलते ही कैसरबाग पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मछली मोहाल जम्बूर खाना निवासी नासिर अली ने बताया कि शुक्रवार दोपहर बाद करीब 3 उनका भाई अमन, अफजल और फहद घर के बाहर लगे झूले पर झूलने गए थे। इसी दौरान भाइयों का फैजी और दो किशोरों से विवाद हो गया। बात बढ़ने पर आरोपियों ने रॉड व चाकू से तीनों भाइयों पर हमला कर दिया। पेट में चाकू लगने से अफजल खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। जबकि रॉड के हमले से अमन और अफजल का सिर फट गया। परिजन दौड़े तो आरोपी व नाबालिग धमकाते हुए भाग निकले।

## सिटी ब्रीफ

### पद्मश्री बतूल बेगम को आज मिलेगा लोकनिर्मला सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी की पहल पर स्थापित संस्था सोनचिरैया की ओर से लोक्निर्मला सम्मान- 2026 का आयोजन 15 मार्च को किया जाएगा। यह आयोजन शाम 6 :30 बजे से संगीत नाटक अकादमी में किया जाएगा। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिष्ठित लोक कलाकार, सांस्कृतिक विशेषज्ञ, विद्वान और कला प्रेमी मौजूद रहेंगे। इस वर्ष का लोकनिर्मला सम्मान 2026 भजन-मांड परंपरा की सुप्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री बतूल बेगम को भारतीय लोक परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन और उनके दीर्घकालिक समर्पण के लिए प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में पद्मश्री बतूल बेगम का विशेष गायन भी होगा।



### हिंदी कविता में राजस्थान पर चर्चा आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** कविता की ज़मीन कार्यक्रम का आठवां संस्करण कैफ़ी आज़मी अकादमी में 15 मार्च को दोपहर 3 :30 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष राय करेंगे और स्वागत वक्तव्य नलिन रंजन सिंह देंगे। इस कार्यक्रम में हिन्दी कविता में राजस्थान विषय पर प्रख्यात आलोचक जीवन सिंह का व्याख्यान होगा। व्याख्यान के बाद राजस्थान के कवियों का काव्यपाठ होगा। कवि होंगे नागेन्द्र कुमावत, जीवन सिंह, शैलेन्द्र चौहान, राघवेन्द्र रावत, प्रेमचन्द गांधी, योगमाया सैनी, ओमेन्द्र, योगेन्द्र मणि कौशिक, हरीश करमचंदानी, वीणा करमचंदानी, नवनीत पाण्डेय, मदनमोहन और हंसराज चौधरी।

### सिंधी पंचायत ने मनाया झूलेलाल महोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** शुभम सिटी सिंधी पंचायत पंडित खेड़ा ने शनिवार को झूलेलाल महोत्सव का धूमधाम से मनाया गया। झूलेलाल की आरती पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुखी कन्हैया लाल चंदवानी, संतोष हिरवानी, नवीन केवल रामानी, रितेश मेघानी, रितेश मोटवानी, सुनील साडेजा ने बताया कि शुभम् सिटी में झूलेलाल जयंती का महोत्सव डोल नगाड़ों के साथ डांडिया नृत्य करते हुए मनाया गया। झूलेलाल के आरती पूजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शिरकत की। पंचायत के मुखी कन्हैयालाल चांदवानी, संतोष हिरवानी ने बताया कि झूलेलाल जयंती 20 मार्च को धूमधाम से मनाई जाएगी।

### दैनन्दिनी पंचांग का हुआ विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल एवं राष्ट्रीय नवसंवत्सर समिति के मुख्य संरक्षक विजय कुमार दीक्षित ने शनिवार को विधायक निवास दारुलफा स्थित कार्यालय पर नववर्ष की डायरी और कैलेंडर का विमोचन किया। नेताद्वय की ओर से सम्पूर्ण युवाओं से आह्वान किया गया कि युवाओं को अपने देश के संस्कृति, संस्कार और इतिहास के बारे में भी गूगल से जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। आज युवाओं का अधिकांश समय मोबाइल, कंप्यूटर पर व्यतीत होता है। उन्हें इन दोनों ही माध्यमों से अपने देश के गणनाकाल के बारे में और अधिक जानकारी हासिल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय गणना काल विश्व में सर्वश्रेष्ठ है और इसी गणना काल के दम पर चंद ग्रहण सूर्य ग्रहण से लेकर पृथ्वी गोल है और सूर्य के चारों तरफ घूमती है इसकी जानकारी दी गई थी, जो वैज्ञानिक दृष्टि से बिल्कुल सत्य है।

# नवरात्र 19 से, पालकी में सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


**अमृत विचार:** सनातन धर्म में चैत्र नवरात्रि को शक्ति साधना का सबसे महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 मार्च (गुरुवार) से शुरु होकर 27 मार्च को राम नवमी के साथ समाप्त होगी। इन नौ दिनों में श्रद्धालु मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं, जिन्हें नवदुर्गा कहा जाता है। नवरात्रि की शुरुआत घटस्थापना (कलश स्थापना) से होता है, जिसे देवी शक्ति के आवाहन का प्रतीक माना जाता है।

धार्मिक ग्रंथ मार्कंडेय पुराण के देवी महात्म्य में बताया गया है कि देवी दुर्गा ही ब्रह्मांड की मूल शक्ति हैं और नवरात्रि उनकी आराधना का सबसे पवित्र समय माना जाता है।

**घटस्थापना मुहूर्त**

- 19 मार्च को प्रात : मुहूर्त : सुबह 06 :52 से 10 :13 बजे तक
- अभिजित मुहूर्त : दोपहर 11 :50 से 12 :38 बजे तक

प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 19 मार्च को प्रातः 06:52 बजे से होगा और यह 20 मार्च को प्रातः 04:52 बजे समाप्त होगी। उदयातिथि के अनुसार घटस्थापना 19 मार्च को ही की जाएगी। इस दिन चन्द्रमा मीन राशि में उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में रहेगा और सवार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बनेगा। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आ रही हैं। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल के अनुसार मां दुर्गा का पालकी पर आगमन यह संकेत देता है कि इस वर्ष लोगों की भावनाएं अधिक संवेदनशील हो सकती हैं। समाज में सहानुभूति, करुणा और आध्यात्मिक झुकाव बढ़ने की संभावना रहेगी। नौ दिनों तक व्रत, पूजा और साधना के बाद 27 मार्च को राम नवमी के दिन नवरात्रि का समापन होगा। इस दिन भगवान राम के जन्मोत्सव के साथ देवी पूजा का यह पावन पर्व पूर्ण होता है।



**देवी के स्वरूप**

- प्रथम दिन – मां शैलपुत्री
- द्वितीय दिन – मां ब्रह्मचारिणी
- तृतीय दिन – मां चंद्रघंटा
- चतुर्थ दिन – मां कुष्मांडा
- पंचम दिन – मां स्कंदमाता
- षष्ठी दिन – मां कात्यायनी
- सप्तमी दिन – मां कालरात्रि
- अष्टमी दिन – मां महागौरी
- नवमी दिन – मां सिद्धिदात्री

# फितरा समय बाद भी खुदा करेगा कुबूल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराजी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए।

एक रोजेदार ने पूछा कि जिस घर में बहुत से लोग हों और सबका फितरा देना संभव न हो, तो क्या करें? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि फितरा एक व्यक्ति निकालकर दूसरे व्यक्ति को देगा, दूसरा व्यक्ति तीसरे को देगा, इसी तरह फितरा अदा किया जाएगा।

फितरे के सम्बन्ध में ही एक सवाल आया कि अगर कोई व्यक्ति फितरा देरी से निकालता है, तो क्या हुक्म है? इसके जवाब में बताया गया कि अगर फितरा समय के बाद दिया जाए, तो उसे भी खुदा कुबूल करेगा। एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई व्यक्ति ध्यान न दे कि नमाज का समय शुरू हो गया है और नमाज पढ़ ले, तो क्या हुक्म है? इसके जवाब में बताया गया कि अगर समय से पहले नमाज पढ़ ली, तो नमाज अमान्य हो जाएगी।

हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि क्या औरतों का वह चादर ओढ़ना जो इस समय प्रचलित है, काफी है? इसके जवाब में बताया गया कि इस्लाम ने औरत को शरीर ढकने का हुक्म दिया है ताकि औरत के अंग जाहिर न हों, अगर चादर ऐसी हो जिससे पूरा शरीर ढक जाए और अंग दिखाई न दे रहे हों, तो कोई हर्ज नहीं है। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया की हेल्पलाइन पर मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली की अध्यक्षता में धर्मगुरुओं के पैनल ने जवाब दिए। इस्लामिक सेंटर की हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि एक शख्स ने किसी के पास कुछ रकम अमानत के तौर पर रखी, उसी बीच में वह शख्स बाहर चला गया, फिर वह शख्स कहता है कि जो रकम मैंने तुम्हारे पास रखी है उसमें से जकात अदा कर दो तो क्या इस तरह से जकात अदा हो जायेगी? इसके जवाब में बताया गया कि हां, जकात अदा हो जाएगी। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि एक शख्स के पास कई हजार रुपये हैं इस पर साल भी गुजर गया मगर उसके पास न मकान है, न ही घरेलू सामान और न ही अभी शादी हुई है, इन्हीं जरूरतों के लिए रुपये जमा कर रखे हैं तो क्या उस पर भी जकात है? जवाब में बताया गया कि हां, उस पर जकात फर्ज है। अगर साल पूरा होने से पहले मकान बनवा ले या शादी के लिए सामान खरीद ले तो जकात नहीं है। एक रोजेदार ने पूछा कि मेरे रिश्तेदार हमेशा बीमार रहते हैं। डाक्टर ने रोजा रखने से मना किया है तो उनको क्या करना चाहिए? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि इस सूरत में उनको रोजे का फिदया यानी पौने दो किलो गेहूं या उसकी कीमत किसी गरीब को हर रोजे के बदले देना चाहिए।

**रमजान हेल्पलाइन**

### जन्मदिन पर हुए जश्न में शायरों ने पढ़े कलाम

- पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हसन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अता-ए-जहरा हादी लाइन सरफराजगंज में जश्न-ए- इमाम हसन का आयोजन किया गया। जश्न को मौलाना मोहम्मद अस्करी ने ख़िताब किया। उन्होंने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम कहते थे कि हजरत इमाम हसन और हजरत इमाम हुसैन दुनियां के दो फूल हैं। मौलाना ने कहा कि इमाम हसन खानदाने अहलेबैत में करीम के लकब से पहचाने जाते थे। शायर यावर उन्नावी, अर्श रुदौलवी, दर्द हल्लौरी, जमन रिजवी, ताज रिजवी, अनवर बिलग्रामी, जलाल काजिम, कौसर रिजवी, असद अज़मी, असद जाफरी, शाहिद पिहानवी, अख्तर लखनवी, नजर सुल्तानपुरी, जवाद लखनवी, अफजाल रुदौलवी, आरिफ अल्वी, रजा मुदस्सिर, रजा अब्बास, इश्क नकवी, उस्मान हुसैन, मिकदाद जरवली रहे।

# युवाओं को भा रही 'मैं नास्तिक हूं'

## लखनऊ पुस्तक मेले के स्टाल पर सरदार भगत सिंह की पुस्तक पर टिक रहीं निगाहें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रवीन्द्रालय में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में अध्यात्म की पुस्तकों की भरमार है। सरदार भगत सिंह की पुस्तक मैं नास्तिक हूं जैसी किताबें युवाओं की ख़ास पसंद के रूप में उभर रही हैं।

शनिवार को पुस्तक मेले का दूसरा दिन था। छुट्टी का दिन होने से मेले में दिन भर चहल पहल रही। शिक्षक और स्कूल प्रबंधन से जुड़े लोग भी पुस्तकें में डूबे नजर आये।

नेशनल बुक ट्रस्ट के अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि स्टाल से बच्चों की वैदिक मैथमेटिक्स, दि स्टोरी ऑफ़ अवर रिवर्स जैसी किताबों की बिक्री खूब हो रही है। इसके अलावा हमारी उर्दू की किताबें भी पसंद की जा रही हैं। आज सुबह मंच पर नवसृजन प्रकाशन की ओर से महेश चन्द्र द्विवेदी की अध्यक्षता में हुए समारोह में डॉ. उषा सिन्हा, सुल्तान शाकिर हाशमी, नरेन्द्र भूषण, ओम नीरव ने मंजू सक्सेना के लघुकथा संग्रह एक कप चाय, श्रीकृष्ण द्विवेदी द्विजेश के छंद संग्रह छाया बसन्त रहे, हेमंत कुमार के निबन्ध संग्रह अवध का लोक इतिहास, डॉ. सुषमा सौम्या के गीत संग्रह नमन, अनिल किशोर शुक्ल के काव्य संग्रह मेरे अष्टपदी अगीत तथा मनोरमा श्रीवास्तव के गजल संग्रह तितलियों के देश में का विमोचन किया। समारोह में मनु वाजपेयी, डॉ. योगेश, देवेश द्विवेदी व डॉ. सुधा मिश्रा मौजूद रहीं।



रवीन्द्रालय में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में पुस्तकें देखतीं युवतियां। अमृत विचार

डॉ. शिप्रा चतुर्वेदी की किताब जर्मन लोककथाएं पर लोकतत्वों और बेटी, कासपर हाउजर, हाइडी जैसी कहानियों से पर चर्चा चली। अभय, अदम्य, प्रांजल और सृष्टि ने संग्रह की कथा टिल का मंचन किया। डॉ. अश्विनी कुमार मल्होत्रा ने अपनी एक डाक्टर की कलम से और दो अन्य पुस्तकों के बारे में जयश्री और श्रोताओं के साथ चर्चा की।वास्तुविद विपुल वार्ष्णेय की किताब अवध के मंदिर के लोकार्पण एवं चर्चा पद्मश्री डॉ. विद्या विंदु सिंह की अध्यक्षता और चंद्र शेखर वर्मा के संचालन में चली। परिचर्चा में डॉ. आनंद प्रकाश माहेश्वरी, लेखिका विपुल वार्ष्णेय और पुस्तक की हिंदी में भूमिका लिखने वाली अलका प्रमोद शामिल हुईं। शाम को साहित्य साधक संस्था की काव्य गोष्ठी आयोजित की गयी।

### भागवत कथा से मिलते हैं चारों पुरुषार्थ

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट के वेदांत सत्संग आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि भागवत कथा सुनने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति होती है।



महामंडलेश्वर ने कहा कि किसी को छोटा दिखाने के उद्देश्य से किया गया कार्य धर्म नहीं, बल्कि धर्मभास होता है। जैसे दक्ष का यज्ञ धर्म का रूप तो था, लेकिन उसमें भगवान शिव को छोटा दिखाने का भाव था, इसलिए वह सच्चा धर्म नहीं माना जा सकता। धर्म वही है जो हमें भगवान की प्राप्ति और समाज के कल्याण का मार्ग दिखाए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को यह विचार करना चाहिए कि उसके ज्ञान का उद्देश्य क्या है। जीवन भर जो कर्म हम करते हैं, वही स्मृति अंत समय तक हमारे मन में रहती है। इसलिए हमें निरंतर प्रभु का ध्यान और भक्ति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि करोड़ों वर्षों के पुण्य के प्रभाव से ही मनुष्य को भागवत कथा सुनने का अवसर मिलता है। महामंडलेश्वर ने बताया कि जिस व्यक्ति में ईश्वर के प्रति जिज्ञासा होती है, वह गुरु के माध्यम से ही भगवान को प्राप्त कर सकता है।



अलीगंज क्षेत्र में स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में लगी प्रदर्शनी में सुषमा अहवाल के चित्र देखतीं महिलाएं। अमृत विचार

### नारी अस्मिता, समानता और न्याय विषय पर हुआ मंथन

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अधिवक्ता परिषद अवध (उप्र) की ओर से शनिवार को डॉ. अखिलेश दास ऑडिटोरियम स्थित बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी में प्रदेश महिला अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का विषय नारी अस्मिता, समानता और न्याय संविधान के 75 वर्ष में नारी सशक्तिकरण, रहा जिसमें परिषद की 16 इकाइयों से महिला अधिवक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृज राज सिंह न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का मानना था कि किसी समाज की प्रगति का आकलन उसकी महिलाओं की प्रगति से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय महिलाएं हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रही हैं। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति बबिता रानी ने अपने संबोधन में संविधान में महिलाओं को दिए गए अधिकारों का उल्लेख करते हुए उन्हें सामाजिक प्रतिबंधों से बाहर निकलकर साहस और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. बबिता सिंह चौहान अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने महिला सशक्तिकरण के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। बीबीडीयू के प्रति-कुलाधिपति विराज सागर दास, मुख्य वक्ता डॉ. सीमा सिंह प्रोफेसर लॉ फैकल्टी दिल्ली विश्वविद्यालय , प्रदेश महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह ने भी विचार रखे।

### ठाकुरगंज अस्पताल की इमरजेंसी होगी आधुनिक

**अमृत विचार, लखनऊ :** करीब एक दशक से टिनशेड के नीचे संचालित ठाकुरगंज टीबी संयुक्त चिकित्सालय की इमरजेंसी अब पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से लैस तीन मंजिला पक्का भवन में शिफ्ट होगी। शासन ने इसके लिए 2.76 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि नई इमारत के भूतल पर आधुनिक इमरजेंसी वार्ड बनाया जाएगा। प्रथम तल पर 8 बेड की एचडीयू (हाई डेपेंडेंसी यूनिट) स्थापित की जाएगी, जबकि द्वितीय तल पर पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी विभाग शिफ्ट किए जाएंगे। इसके अलावा इमरजेंसी के लिए एक अलग ओटी (ऑपरेशन थिएटर) भी बनाया जाएगा। वर्तमान में 200 बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल में इमरजेंसी के लिए केवल 10 बेड उपलब्ध हैं। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को सौंपी गई है और अस्पताल प्रशासन ने संस्था को काम शुरू करने के लिए पत्र भेज दिया है। निर्माण कार्य के दौरान इमरजेंसी सेवाओं को अस्थायी रूप से पुराने ओपीडी ब्लॉक में शिफ्ट किया जाएगा।

## सिटी डायरी



संत गाडगे प्रेक्षागृह मे नाटक डैडी का मंचन करते कलाकार।

### नाटक डैडी ने भिगोईं दर्शकों की पलकें

**अमृत विचार, लखनऊ :** पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी द्वारा अभिनीत उनके बहुचर्चित नाटक डैडी का शनिवार की शाम को संगीत नाटक अकादमी में मंचन किया गया। सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ और शिवांगी निगम द्वारा लिखित तथा सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ द्वारा निर्देशित यह नाटक ऐसे पिता और बेटी के बीच की कहानी है जिसमें पिता डिमेंशिया से पीड़ित है।डैडी में बेटी अपने पिता का हर हाल में ख्याल रखती है। वो जानती है कि उसके पिता की स्मृतियां खो रही हैं। उसके पिता के पास समय को महसूस करने का भी सेन्स नहीं है। एक समय ऐसा आ जाता है जब पिता अपनी बेटी के सामने एक असहाय बच्चे सा हो जाता है। अपने पिता से रिश्ते निभाते-निभाते बेटी अपना प्यार, अपना करियर, अपने सपने और अपनी खुद की जिन्दगी सब कुछ भूल जाती है। मंच पर सब कुछ ऐसे चलता है जैसे कि नाटक नहीं एक हकीकत चल रही हो।



गुरबानी कीर्तन करते लोग।

### धूमधाम से मनाया गया नया साल

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुरसिखी कैलेंडर के अनुसार चैत माह से नए साल 2026 के आगमन के उपलक्ष्य में लखनऊ की समूह साध-संगत ने 13 एवं 14 मार्च को बड़ी श्रद्धा से मनाया। शुरुआत 13 मार्च को श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा नाका हिंडोला में शाम को रहरास साहेब के पाठ से हुई। कथा विचार अत्ते गुरबानी कीर्तन के रसमयी कीर्तन गायन किए गए, रात 12 बजे फूलों की बरखा की गई। 14 मार्च को सुबह का समागम श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा चंदर नगर में नितनेम से शुरू हुआ। कथा-विचार अत्ते गुरबानी कीर्तन की अमृतमई बरखा हुई। शाम के दीवान ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब अहियागंज में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।



कार्यक्रम में मौजूद विशेषज्ञ।

### लोहिया में वर्कशाप का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के एनेस्थीसिया विभाग ने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग और आईएसए लखनऊ सिटी ब्रांच के सहयोग से पोस्ट-पार्टम हेमरेज पर सीएमई-कम-वर्कशॉप का आयोजन किया। प्रो ममता हरजाई ने बताया कि प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव (पोस्ट-पार्टम हेमरेज) मातृ मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। इस गंभीर समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने और चिकित्सा विशेषज्ञों को नवीनतम उपचार पद्धतियों से अवगत कराने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई।



फगुआ उत्सव में फूलों की होली खेलतीं महिलाएं।

### फगुआ उत्सव में खेली फूलों की होली

**अमृत विचार, लखन :** सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था ए टच ऑफ़ आनंद की ओर से शनिवार को इंदिरा नगर में महिलाओं ने फगुआ उत्सव का आयोजन किया। इसमें फूलोंकी होली खेली गई। आकांक्षा आनंद ने बताया कि महिलाओं के बीच पार्टी क्वीन प्रतीयोगिता कराई गई। यह प्रतियोगिता अमिता ने जीती। लकी ड्रा में मिनी विजेता रहीं। खेल खिलाड़ी में महिलाओं हुनर का प्रदर्शन किया।

**मेहमाननवाजी** अपने जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राघवेंद्र शुक्ला के आवास पर गोमती नगर स्थित राजनाथ सिंह

# रक्षामंत्री ने खाई मक्खन मलाई, गिलौरी और चाट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ प्रवास के दौरान केंद्रीय रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने गोमती नगर स्थित जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राघवेंद्र शुक्ला के आवास पर पहुंचकर राजधानी के पारंपरिक और विविधतापूर्ण व्यंजनों का स्वाद लिया।

कार्यक्रम में पुराने चौक और राजा बाजार की प्रसिद्ध दुकानों से लाए गए गाय के दूध से तैयार लखनऊ के मशहूर मक्खन मलाई, दूध की बर्फी, मट्ठा, मलाई गिलौरी और चाट सहित कई व्यंजन परोसे गए। रक्षा मंत्री के साथ मौजूद वरिष्ठ नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने भी इन पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

इस दौरान उन्होंने लखनऊ की समृद्ध खान-पान संस्कृति की सराहना करते हुए कहा कि शहर की परंपराएं देश-विदेश में अपनी अलग पहचान रखती हैं। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा नेता डॉ. नीरज सिंह, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी पुष्कर शुक्ला, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, पार्षद अनुराग मिश्रा और राजीव दीक्षित सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मालूम हो कि कुछ समय पहले ही राजधानी लखनऊ को शहर की सांस्कृतिक समृद्धि, खान-पान की परंपराओं और रचनात्मक क्षमता के आधार पर यूनेस्को द्वारा 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' के रूप में चुना गया है।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ जनप्रतिनिधि और अधिकारी। अमृत विचार



पार्षद मानसिंह के घर पर परिवारीजनों को ढांढ़स बंधाते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### शोक संतप्त परिवारों से मिलकर बंधाया ढांढस

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ प्रवास के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न पार्टी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और दुख की घड़ी में परिवारों को सांत्वना दी। रक्षा मंत्री ने राजीव गांधी प्रथम वार्ड के पार्षद संजय सिंह राठौर के आवास पहुंचकर उनकी माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इसके अलावा उन्होंने भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड के पार्षद मानसिंह की माता तथा पार्टी कार्यकर्ता दीपू जायसवाल के भाई के निधन पर उनके आवास जाकर शोक संतप्त परिवारों से भेंट की और उन्हें ढांढस बंधाया।

# तनीषा को अध्यक्ष और अर्पिता को मिला प्राचार्य पदक

## श्री जयनारायण मिश्र महाविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने 69 मेधावियों को किया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**● सेवानिवृत्त शिक्षकों, कर्मियों को भी किया गया सम्मानित**

**अमृत विचारः** श्री जयनारायण मिश्र महाविद्यालय (केकेसी) में स्थापना दिवस समारोह में शनिवार को 69 मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। तनीषा सिंह को अध्यक्ष पदक, अर्पिता सिंह को प्राचार्य पदक और अंडर ऑफिसर तेजस्विनी व अंशुल यादव को बेस्ट एनसीसी कैडेट का अवार्ड दिया गया। सर्वाधिक 48 पदक छात्राओं ने हासिल किए।

समारोह का शुभारंभ करने के बाद मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री प्रो. दिनेश शर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने गत वर्ष सेवानिवृत्त हुए प्रो. ताज मोहम्मद, प्रो. राजेश कुमार तिवारी, प्रो. सरिता चौहान एवं सन्निवेश मिश्रा सहित शिक्षणेत्तर कर्मचारी वंदना, राम मिलन, शिव गोपाल व राजेन्द्र पांडे को दुशाला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि 1917 में स्थापित यह संस्था आधुनिकता के साथ अपना विशेष स्थान बनाए हुए है। उन्होंने महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका ज्योति किरण एवं जर्नल, कॉमर्स टुडे, विचार, लॉ रिव्यू, साइंस रिवीलिएशन, टॉर्च बेयरर्स 2026 का विमोचन भी विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति बुंदेलखंड विवि, कानपुर विवि तथा राजर्षि टंडन मुक्त विवि के प्रो. जेवी वैशंपायन, विशिष्ट अतिथि प्रो. बीएल शर्मा, निदेशक उच्च शिक्षा, अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष गोपाल नारायण मिश्र ने मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।



स्थापना दिवस समारोह में संबोधित करते राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, मौजूद अन्य लोग।

### एलएलबी का 5 वर्षीय कोर्स लाने की तैयारी

- प्राचार्य प्रो. केके शुक्ल ने महाविद्यालय प्रगति रिपोर्ट रखी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में इस वर्ष डाटा रिसोर्स सेन्टर की स्थापना की गयी है।आगामी वर्ष मे एलएलबी 5 वर्ष कोर्स को लाने की तैयारी की जा रही है। प्राचार्य ने बताया कि विगत वर्ष 3540 सीटों के सापेक्ष 7000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। शिक्षको ने 438 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभागिता की। 168 शोध पत्र प्रकाशित हुए और 22 पुस्तकों का प्रकाशन हुआ। महाविद्यालय में 95 से अधिक शोधार्थी शोध कार्य में रत है। विगत वर्ष में 10 शोधार्थियों को पीएचडी अवार्ड हुई है।

### इनको मिले पुरस्कार

- सत्र 2024-25 के लिए तनीषा सिंह को समग्र प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए अध्यक्ष पदक व 21 हजार रुपये पुरस्कार दिया गाय। अर्पिता सिंह को शैक्षिक सत्र में सर्वोच्च उपलब्धि के लिए प्राचार्य पदक और 15 हजार की राशि दी गई। अंडर ऑफिसर तेजस्विनी एवं अंडर ऑफिसर अंशुल यादव को बेस्ट एनसीसी कैडेट का अवार्ड और अंडर ऑफिसर, अभय प्रताप को एनसीसी में महाविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं प्रशासनिक दक्षता के लिए अखिलेश सिंह चौहान स्मृति पदक दिया गया। गणेश चंद्र चौरसिया एवं तनिष्का श्रीवास्तव को बेस्ट एनएसएस वालंटियर का अवार्ड दिया गया। इशिका गुप्ता एवं प्रदीप कुमार को बेस्ट स्पोर्ट्स पर्सन का अवार्ड मिला। भावना गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक प्रतिभा संपन्न होने के लिए पदक प्रदान किया गया।

## सीएसआईआर वैज्ञानिकों को किया गया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन की जयंती पर एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में विज्ञान शिक्षा दिवस मनाया गया। इसमें ग्रुप के अध्यक्ष पवन सिंह चौहान ने सीएसआईआर-सीडीआरआई के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, सीएसआईआर-सीडीआरआई के पंकज प्रसून, डॉ. दीपक कोहली और डॉ. निमिष कपूर को सम्मानित किया। इसके अलावा अनुसंधान गौरव पुरस्कार डॉ. रजनीश चतुर्वेदी को पार्किंसन रोग पर शोध, डॉ. पूनम वर्मा को पेलियोसाइंस में शोध, डॉ. संजीव के. ओझा को टाइप-2 मधुमेह के उपचार हेतु विकसित औषधिके विकास के लिए दिया गया। डॉ. रितु त्रिवेदी को ऑस्टियोपोरोसिस एवं ऑस्टियोआर्थराइटिस पर शोध और सीएसआईआर-सीमैप के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार को सीएसआईआर अरोमा मिशन के माध्यम से किसानों और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया।

## सिटी ब्रीफ

### फिट टेस्ट फैमिली एरीना वॉकाथॉन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** युवाओं और आम लोगों में खेल, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अलीगंज स्थित रॉयल स्पोर्ट्स गंज (आरएसजी) स्टेडियम में 15 मार्च को फिट टेस्ट फैमिली एरीना वॉकाथॉन और फिटनेस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम रॉयल स्पोर्ट्स गंज स्टेडियम, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) और द गुरुकुलम स्कूल के संयुक्त देखरेख में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6:30 बजे होगी, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, बच्चों और परिवारों के शामिल होने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान वॉकाथॉन के साथ-साथ प्रतिभागियों के लिए जुम्बा और योग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को नियमित व्यायाम और सक्रिय जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है, ताकि समाज में फिटनेस के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार किया जा सके।

### लविवि की छात्राओं ने जापान में लहराया परचम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग की दो मेधावी शोध छात्राओं आशी गुप्ता और साक्षी मौर्या ने जापान के क्योटो स्थित रयुकोकू विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं। संगोष्ठी का मुख्य विषय ''अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र : आगे की चुनौतियां'' था। शोध छात्रा आशी गुप्ता ने ''भारत और जापान में श्रम भागीदारी, मजदूरी और जीडीपी में लैंगिक असमानताओं का विश्लेषण'' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। वहीं, साक्षी मौर्या ने ''आर्थिक एकीकरण में भारत और जापान की भूमिका'' पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर वैश्विक मंच पर भारतीय दृष्टिकोण साझा किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अर्चना सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों छात्राओं को बधाई दी।

### पेंशनरों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी स्थित मध्यांचल मुख्यालय में शनिवार को कार्मिक, प्रशिक्षण एवं प्रशासन इं. विनोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। पेंशन अदालत में मध्यांचल डिस्कॉम से सेवानिवृत्त पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों ने मौजूद होकर अपनी पेंशन से संबंधित समस्याएं निदेशक के समक्ष रखीं। निदेशक ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। अदालत में आए प्रमुख प्रकरणों में राजाजीपुरम निवासी पूनम कश्यप ने पारिवारिक पेंशन स्वीकृत कराने का अनुरोध किया, जिस पर संबंधित अधिकारी को निगम के नियमों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। वहीं सुजौरा पचकोहरा, हरदोई निवासी सुनीता वर्मा ने बताया कि उनके पति का निधन 20 जनवरी-24 को हो चुका है, लेकिन विभागीय देयों के भुगतान की कार्यवाही अभी तक लंबित है। इस पर निदेशक ने अधीक्षण अभियंता, हरदोई को तत्काल कार्रवाई कर भुगतान निस्तारित करने के निर्देश दिए।



स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन के लिए ट्रॉयल देते खिलाड़ी। अमृत विचार

# अंडर-19 के ट्रॉयल में पहुंचे 250 खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**क्रिकेट**

**अमृत विचारः** शहर के स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में शनिवार को अंडर-19 चयन ट्रायल हुआ। लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन (एलसीए) की देखरेख में चल रहे ट्रायल के पहले दिन 250 खिलाड़ी पहुंचे। एलसीए के संयुक्त सचिव सुभांशु कुमार साहब ने बताया कि खिलाड़ियों का उत्साह बेहद उत्साहजनक रहा।

उन्होंने कहा कि ट्रायल में कई ऐसे खिलाड़ी भी पहुंचे हैं जिन्होंने बीबीडी लीग में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन अपनी प्रतिभा के दम पर चयन के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीबीडी लीग और पिछले वर्ष के इंटर-डिस्ट्रिक्ट मुकाबलों के प्रदर्शन के आधार पर 50 खिलाड़ियों का चयन पहले ही ट्रायल मैचों के लिए किया जा चुका है। इन खिलाड़ियों के बीच ट्रायल मुकाबले मंगलवार से खेले जाएंगे। एलसीए को 25 मार्च तक अंडर-19 टीम की अंतिम सूची उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) को सौंपनी है। चयन प्रक्रिया में प्रदर्शन को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही खिलाड़ियों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ट्रायल शनिवार और रविवार को आयोजित किए गए हैं। ट्रायल के दौरान चयनकर्ता के रूप में यूसुफ अली, मूसी रजा, अभिनव दीक्षित और अरुण शर्मा मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन किया।

### लखनऊ मंडल की फुटबॉल टीम घोषित

- **अमृत विचार, लखनऊ :** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के समन्वय से 17 मार्च से प्रयागराज में होने वाली अंडर-19 जूनियर बालक स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए लखनऊ मंडल की टीम शनिवार को घोषित कर दी गई। लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव कन्हैया लाल ने बताया कि टीम में सूर्यांश चौरसिया, अक्षय पाण्डेय, आदित्य, आयुष गोसाई, हर्ष वर्धन सिंह, शोभित मिश्रा, हर्ष पटेल, वीर भान गोंड, विवेक गंगाराम, सूफियान अहमद, शिवांश सिंह, मुकर्रम अली, ऋषभ बिष्ट, हर्ष यादव, अर्श सिंह और आजाद विक्रम सिंह को शामिल किया गया है। अभिषेक सिंह और डेनियाल मसीह अतिरिक्त खिलाड़ी हैं।

# अविका और आराध्या फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**● दिव्यांशु, ऋषभ शुक्ला, वीरेंद्र, रोहित यादव और प्रांजल गुप्ता अगले दौर में**

**अमृत विचारः** गोमती नगर के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 125 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालक वर्ग के अंडर-11 आयु वर्ग में दिव्यांशु और आरव राज ने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बना ली है। दिव्यांशु ने अभिराज को 30-09 से हराया, जबकि आरव राज ने उमेर अली को 30-17 से पराजित किया। बालिका वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में अविका और आराध्या ने जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में अविका ने अभिज्ञा को 30-14 से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में आराध्या ने ताकक्षवी को 30-0 से पराजित किया। अंडर-15 वर्ष के बालक वर्ग में दिव्यांशु, ऋषभ शुक्ला, वीरेंद्र, रोहित यादव और प्रांजल गुप्ता ने अपने शुरुआती मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। तियोगिता का समापन रविवार को होगा, जिसमें विभिन्न वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

## निशा, शुभम और अनामिका बने चैंपियन

**अमृत विचार, सरोजनीनगरः** सरोजनी नगर के राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिता हुई। लंबी कूद, 200 मीटर दौड़ में निशा प्रथम, ऊंची कूद, चक्का फेंक, कैरम में अनामिका व गोला फेंक में सुधा ने प्रथम रहीं। छात्र वर्ग में शुभम और छात्रा वर्ग में अनामिका को चैंपियन ट्रॉफी दी गई। ऋतु शुक्ला ने देशभक्ति गीत पर नृत्य किया।

# बेगम सिकंदर, लॉस बानो ने दिखाया जलवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बोगनविलिया प्रदर्शनी में बेल देखती महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** एनबीआरआई में दो दिवसीय बोगनविलिया उत्सव का उद्घाटन शनिवार को मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी एनकेएस चौहान और राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील कुमार सिंह ने किया। महोत्सव रविवार को सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा।

वैज्ञानिक डॉ. केजे सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदर्शनी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में कुल 64 प्रदर्शकों ने भाग लिया और 209 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। उत्सव में 20 वर्गों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। संस्थान द्वारा संरक्षित बोगनविलिया की 300 से अधिक विविध किस्में जैसे 'बेगम सिकंदर', 'शुभ्रा', 'डॉ. बी. पी. पाल', 'अर्जुन', 'अर्चना', 'मेरी पामर स्पेशल', 'लॉस बानोस वैरिगेटा', 'अरुणा' तथा 'डॉ. पी. वी. साने' आदि उत्सव में प्रदर्शित की गई हैं। रविवार को समापन समारोह में पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन उपस्थित रहेंगी।

## सिटी डायरी




प्रदर्शन करते छात्र और अन्य युवा।

### यूजीसी रेगुलेशन लागू करने के लिए किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिरसा आंबेडकर फुले छात्र संगठन (बापसा) के छात्रों ने शनिवार को यूजीसी रेगुलेशन लागू करने की मांग को लेकर परिवर्तन चौक पर प्रदर्शन किया। छात्रों ने कहा कि जब तक विश्वविद्यालय में यूजीसी के नए नियम लागू नहीं किए जाते, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने कहा कि यह आंदोलन लंबा चलेगा। उनके अनुसार यह केवल अधिकारों की लड़ाई नहीं बल्कि भविष्य को सुरक्षित करने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने तक छात्र पीछे नहीं हटेंगे और यूजीसी गाइडलाइंस 2026 को तुरंत लागू करने की मांग जारी रहेगी। छात्रों ने आरोप लगाया कि उच्च शिक्षा संस्थानों में ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के छात्रों के साथ भेदभाव की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं।



पदकों के साथ खिलाड़ी।

### पैरा बैडमिंटन में जीते कई पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने सातवीं पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप-26 में कई पदक जीते हैं। छात्रा सर्वेश ने महिला एकल डब्ल्यूएच-1 और महिला युगल डब्ल्यूएच-1/डब्ल्यूएच-2 वर्ग में रजत जीता। हमिद सलमानी और सिराजुद्दीन अहमद ने पुरुष एकल डब्ल्यूएच-1 वर्ग में कांस्य प्राप्त किया। सिराजुद्दीन अहमद ने मिश्रित युगल डब्ल्यूएच-1/डब्ल्यूएच-2 वर्ग में भी कांस्य, संजना कुमारी ने महिला युगल एसएल-3/एसयू-5 तथा महिला एकल एसएल-3 वर्ग में रजत जीता। मिश्रित युगल एसएल-3/एसयू-5 वर्ग में कांस्य, उषा देवी ने महिला एकल एसएल-4 वर्ग में रजत, कनक सिंह जदौन ने कांस्य पर कब्जा किया। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।




जानकारी देते डॉ. सौरव शुक्ला, डॉ. कार्तिक व अन्य।

### हिप सर्जरी में रोबोटिक तकनीक कारगर

**अमृत विचार, लखनऊ :** जॉइंट केयर फाउंडेशन के तत्वावधान में गोमतीनगर के एक होटल में शनिवार से दो दिवसीय इंडिया एंटीरियर हिप फाउंडेशन कोर्स-2026 की शुरुआत हुई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश और विदेश के 80 से अधिक ऑर्थोपेडिक सर्जन भाग ले रहे हैं। कोर्स के समन्वयक और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. सौरव शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ऑर्थोपेडिक सर्जरी के क्षेत्र में नवीनतम सर्जिकल तकनीकों, हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। दो दिवसीय प्रशिक्षण में आधुनिक हिप सर्जरी तकनीकों पर चर्चा के साथ विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।




सेपक टाकरा में चैंपियन बनने वाली एलपीएस की टीम।

### सेपक टाकरा में आर्मी पब्लिक स्कूल चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** वृंदावन स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल (एलपीएस) में शनिवार को जूनियर जिला स्तरीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें आठ टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाइनल मैच में आर्मी पब्लिक स्कूल ने एलपीएस सेक्टर-9 को हराकर खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग में नैना स्पोर्ट्स क्लब ने आर्मी पब्लिक स्कूल को शिकस्त दी।

**लविवि** | जियोकॉन-2026 में आए देश भर के दिग्गज वैज्ञानिको ने रखे विचार

# अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए आने वाले दो दशक अहम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** जलवायु परिवर्तन पर लखनऊ विश्वविद्यालय के भू विज्ञान विभाग में हुई दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला अहमदाबाद के निदेशक प्रो. अनिल भारद्वाज ने कहा कि आने वाले दो दशक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। अंतर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र, नई दिल्ली के निदेशक प्रो. अविनाश चंद्र पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय और संस्थान मिलकर इस महत्वपूर्ण विषय पर निरंतर विचार-विमर्श कर रहे हैं।




जियोकोन में बीएसआईपी निदेशक प्रो. एम. जी. ठक्कर, विभागाध्यक्ष प्रो. ध्रुव सेन सिंह, बीएचयू के डॉ. सौरभ सिंह को पुरस्कार दिया गया।

संगोष्ठी में 54 विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के प्रतिभागियों ने 215 शोध पत्रों और पोस्टर प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में आठ मुख्य व्याख्यान और छह प्लेनरी व्याख्यान भी हुई। इनमें विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों ने शोध निष्कर्ष और विचार साझा करते हुए पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला।

समापन सत्र में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अपर महानिदेशक राजेंद्र कुमार ने भूवैज्ञानिक मानचित्रण और खनिज अन्वेषण में आधुनिक तकनीकों की उपयोगिता पर बल दिया। बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. एम. जी. ठक्कर ने अतीत के जलवायु परिवर्तनों को समझकर भविष्य की चुनौतियों के बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता बताई। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली के डॉ. नीलाय खरे ने महासागरीय संसाधनों के सतत दोहन और तटीय पर्यावरण की सुरक्षा को समय की मांग बताया। अंतर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र, नई दिल्ली से आए पंकज कुमार ने पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत प्रयोगशाला उपकरणों और प्रयोगात्मक अनुसंधान के महत्व को साझा किया।

नागालैंड विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय के डीन प्रो. संतोष कुमार सिंह, बीएचयू वाराणसी के प्रो. उमा कांत शुक्ला, केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद के डॉ. अभय कुमार सिंह, प्रो. राज कुमार सिंह (आईआईटी, भुवनेश्वर), राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. सुनील सिंह, प्रो. अनिल भारद्वाज, प्रो. उमा कांत शुक्ल, प्रो. संतोष कुमार सिंह, प्रो. ध्रुव सेन सिंह, सह-संयोजक डॉ. राजेश सिंह, सह-संयोजक डॉ. मनोज कुमार यादव एवं डॉ. विनीत कुमार ने भी विचार रखे।

### छात्रों ने दी पोस्टर प्रस्तुति

- जीओकॉन-2026 के पोस्टर सत्र में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों के शोधार्थियों व वैज्ञानिकों द्वारा 65 शोध पत्र पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किए गए। पोस्टर प्रस्तुति में शिवेंद्र द्विवेदी प्रथम, विशेष गुप्ता द्वितीय, प्रीति को तृतीय स्थान तथा वैभव सिंह को सांत्वना पुरस्कार मिला।

### छोटे प्रयास, बड़ा प्रभाव अभियान की शुरुआत

- विभागाध्यक्ष प्रो. ध्रुवसेन सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनमानस को छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से पृथ्वी और पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित करना है। इसके अंतर्गत स्वच्छ पर्यावरण, जल व ऊर्जा के संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग, हरित गृह गैसों में कमी तथा प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम करने की अपील की गई।